Hkkjrh; turk ikVÊ

Hkkjr l|j{kk ;k=k

अप्रैल 6– मई 10, 2006

dk'khij ¼uSuhrky½ ½ vçy 24] 2006

Hkkjrh; turk ikVÊ d: jk"Vh; v/;{k Jh jktukFk flag }kjk tkjh c;ku

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने देश में बढ़ी महंगाई को एक बहुत बड़ा संकट बताते हुए महंगाई के कारणों और अन्य पहलुओं पर भारत सरकार से एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार की देश की अर्थव्यवस्था पर से पकड़ ढीली हो गई है और महंगाई का लगातार बढ़ना इसी का दुष्परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीए के शासनकाल में जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों की पौ–बारह है। इनके चलते भी महंगाई बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दावा करती है कि मुद्रास्फीति की दर घट रही है तो मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि यदि मुद्रास्फीति की दर घट रही है तो महंगाई क्यों बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने अर्थशास्त्र के सिद्धान्त को शीर्षासन करा दिया है।

कांग्रेसनीत यूपीए सरकार पर भ्रष्टाचर का आरोप लगाते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार को एक संस्था का स्वरूप दे दिया है। इस बात की पक्की मुहर तब लगी जब कांग्रेस को ईराक से तेल कूपन जारी हुए।

उन्होंने यूपीए सरकार को घोटालों की सरकार बताते हुए कहा कि वोल्कर रिपोर्ट से सम्बन्धित महत्वपूर्ण दस्तावेज भारत सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

श्री सिंह ने क्वात्रोची प्रकरण में कांग्रेस की भूमिका पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि एनडीए सरकार जब सत्ता में थी तो उसके प्रयासों से क्वात्रोची का लन्दन स्थित बैंक खाता 'फ्रीज' हो गया था मगर यूपीए सरकार ने उस बैंक खाते को 'डी–फ्रीज करा दिया।